विवरण-2

अन्तर्क्षेत्रीय विद्युत संबंधी सहायता

(मिलियन यूनिट)

क्षेत्र				
सहायता देने वाला	सहायता प्राप्त करने वाला	1989–90	1990–91	1991–92
उत्तरी	पश्चिमी	271.8	105.8	562.8
उत्तरी	पूर्वी	234.3	741.4	878.0
पश्चिमी	उत्तरी	314.8	303.0	434.8
पश्चिमी	दक्षिणी	1095.6	505.0	279.7
पश्चिमी	पूर्वी	99.4	182.1	24.9
दक्षिणी	पश्चिमी	87.1	6.3	117.0
पूर्वी	दक्षिणी	—	—	24.1
पूर्वी	उत्तर-पूर्वी	—	—	78.6
उत्तर-पूर्वी	पूर्वी	—	—	27.9

चन्द्रपुरा ताप विद्युत एकक द्वारा प्रदूषण

1338. **श्री गया सिंह** : क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चन्द्रपुरा ताप विद्युत केन्द्र बिजली से ज्यादा धूल पैदा करता है, यदि हां, तो उसके कारण क्या हैं; और

(ख) क्या चन्द्रपुरा ताप विद्युत केन्द्र से निकली धूल से बोकारो सिटी के सेक्टर 6 से 8, 9 और 11 में स्थित 15 हजार क्वार्टरों में रहने वाले मजदूर और उनके परिवार के सदस्य बहुत सारी बीमारियों से ग्रसित हो गए हैं ?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय) : (क) और (ख) सूचना एकत्र की जा रही है तथा सभा पटल पर रख दी जाएगी।

विद्युत केन्द्रों का संतोषजनक कार्य निष्पादन

1339. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि विद्यमान विद्युत केन्द्रों का कार्य-निष्पादन संतोषजनक नहीं है ;

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है; और

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान विद्यमान विद्युत केन्द्रों के कार्य-निष्पादन का राज्यवार ब्यौरा क्या है ?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय) : (क) और (ख) ताप विद्युत केन्द्रों का कार्य-निष्पादन कुल मिलाकर संतोषजनक रहा

है । अप्रैल, 1992 से अक्तूबर, 1992 के दौरान देश के ताप विद्युत केन्द्रों का संयंत्र भार गुणक 53.9% रहा जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान यह 52.3% था। न्यूक्लीयर विद्युत केन्द्रों का कार्य-निष्पादन भी संतोषजनक रहा है क्योंकि अप्रैल, 1992–अक्तूबर, 1992 के दौरान उनका संयंत्र भार गुणक 44.4% रहा है जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान यह 39.3% था। जल–विद्युत उत्पादन, जलाशय में जल की उपलब्धता पर निर्भर करता है।

(ग) अपेक्षित सूचना अनुपत्र में दी गई है ।

[देखिए परिशिष्ट 165, अनुपत्र संख्या 21 और 22]

चालू वित्तीय वर्ष की प्रथम छमाही में उत्पादित विद्युत

1340. **श्री राम जेठमलानी :**
डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि चालू वित्तीय वर्ष की प्रथम छमाही में देश का विद्युत उत्पादन निर्धारित लक्ष्य से कम रहा है;

(ख) यदि हां, तो निर्धारित लक्ष्य कितना था और वास्तव में विद्युत की कितनी प्रमात्रा का उत्पादन किया जा सका;

(ग) क्या सरकार ने चालू वर्ष की शेष अवधि में इस लक्ष्य और वास्तविक उत्पादन के अन्तर को पूरा करने के लिए विशेष उपाय करने का निर्णय लिया है;

(घ) यदि हां, तो सरकार ने अब तक इस सम्बन्ध में क्या अतिरिक्त कदम उठाए हैं; और

(ङ) निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप विद्युत का उत्पादन न कर सकने के क्या कारण हैं?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय) : (क) और (ख) अप्रैल–सितम्बर, 1992 की अवधि के दौरान 147895 मिलियन यूनिट ऊर्जा उत्पादन के लक्ष्य की तुलना में 144298 मिलियन यूनिट ऊर्जा का उत्पादन हुआ जोकि 2.4% कमी का द्योतक है।

(ग) और (घ) अधिष्ठापित क्षमता का इष्टतम समुपयोजन किए जाने हेतु विभिन्न उपाय किए जा रहे हैं जिनमें ये शामिल हैं : (1) पुरानी यूनिटों का नवीनीकरण तथा आधुनिकीकरण करना, (2) संयंत्र सुधार कार्यक्रम चलाए जाने के लिए बिजली बोर्डों को सहायता प्रदान करना, (3) अपेक्षित गुणवत्ता वाले कोयले की अपेक्षित मात्रा में सप्लाई करना, (4) प्रचालन तथा अनुरक्षण से सम्बंधित कार्मिकों को प्रशिक्षण प्रदान करना (5) और पारेषण तथा वितरण प्रणालियों को सशक्त बनाना ।

(ङ) देश में विद्युत उत्पादन में कमी आने का प्रमुख कारण ताप विद्युत केन्द्रों को कोयले की कम सप्लाई किया जाना है।

देश में विद्युत की मांग और आपूर्ति

1341. **डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :**
श्री राम जेठमलानी :

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में विद्युत की मांग में सातवीं पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान 9.9 प्रतिशत की वार्षिक दर से वृद्धि हुई;

(ख) यदि नहीं, तो इससे सम्बन्धित तथ्य क्या हैं;

(ग) क्या यह भी सच है कि इस पंचवर्षीय योजना के दौरान घरेलू विकास दर में वृद्धि का निर्धारित लक्ष्य 5 प्रतिशत वार्षिक था;